Title: Need to rename Chanehati railway station as Bareilly Cantt.railway station and provide basic amenities at this station for proper development of Bareilly -laid.

श्री राजवीर सिंह (आंवला): अध्यक्ष महोदय, बरेली नगर उत्तर प्रदेश राज्य का एक प्रमुख जिला, व्यावसायिक और व्यापारिक केन्द्र माना जाता है जहां पर सभी सरकारी/अर्दध सरकारी कार्यालय और इफ्को खाद का एक प्रतिष्ठित संयंत्र कार्यरत है। सरकार ने नगर और जनपद की जनता की मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रूप से मुहैया कराने तथा सभी संस्थानों और कार्यालयों को आगे बढ़ाने हेतु बरेली को दसवीं लोक सभा में मैगनेट सिटी बनाये जाने की घोषणा की थी। यहां के रेलवे स्टेशनों का समुचित विकास और रेल बढ़ोतरी आदि संबंधी कोई कार्य नहीं हो सका है जिसके कारण यहां के नागरिकों, व्यापारियों और व्यावसायिकों को आवागमन और अपने माल को समय पर भिजवाने और जाने तथा उसके रख-रखाव की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण काफी असुविधा हो रही है। क्षेत्रीय जनता की प्रबल मांग है कि चनेहटी रेलवे स्टेशन को बरेली कैण्ट रेलवे स्टेशन बनाकर उसमें समस्त मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की कृपा करें जिससे बरेली नगर का समुचित विकास संभव हो सके।

अतः मैं आंवला (बरेली) का जनप्रतिनिधि होने के कारण माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि जनहित में चनेहटी रेलवे स्टेशन को बरेली कैण्ट रेलवे स्टेशन बनाकर उसमें समस्त जन की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस और कारगर आदेश/निदेश प्रदान करने की कृपा करें।